## सीओएएस जनरल एम.एम. नरवाने ने
## डिफेक्स्पो 2020 में बीईएमएल को स्टॉल का उद्घाटन किया

भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल एम. एम. नरवाने पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, एडीसी ने आज डिफेक्सपो 2020 में श्री दीपक कुमार होता, सीएमडी, बीईएमएल और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बीईएमएल स्टॉल का उद्घाटन किया।



*डिफेक्सपो में बीईएमएल के सीएमडी और निदेशकों की उपस्थिति में बीईएमएल स्टॉल का उद्घाटन करते हुए जनरल एम. एम. नरवाने, भारत के थल सेनाध्यक्ष*



श्री होता ने बीईएमएल के रक्षा उत्पादों से संबंधित परियोजनाओं तथा इसके उत्पाद रेंज में पेश किए गए दो नए उत्पादों, यथा 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मोबाइल हेल्थकेयर डायग्नोसिस सिस्टम', जो सशस्त्र सेना की ऑनफील्ड चिकित्सीय आवश्यकताओं को संबोधित करेगा तथा 'आर्मर्ड कर्मीदल संरक्षित वाहन' मीडियम बुलेट प्रूफ वाहन (एमबीपीवी) के बारे में जनरल नरवाने को संक्षिप्त जानकारी दी।




*श्री मोहम्मद अहमद अल बोवारदी, रक्षा व्यवहार के राज्य मंत्री, यूएई द्वारा डिफेक्सपो लखनऊ में बीईएमएल स्टॉल का संदर्शन*

श्री मोहम्मद अहमद अल बोवारदी, यूएई के रक्षा व्यवहार के राज्य मंत्री ने भी बीईएमएल स्टॉल का संदर्शन किया तथा विशेष रूप से नवीन आर्मर्ड कर्मीदल संरक्षित एमबीपीवी वाहन सहित विभिन्न उत्पादों के प्रदर्शन पर में गहरी रुचि दिखाई।

बीईएमएल लिमिटेड, जो भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के तहत श्रेणी ए की कंपनी है, द्विवार्षिक बृहत रक्षा प्रदर्शनी डिफेक्सपो 2020 में इनडोर और आउटडोर पेविलियन में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन करती है।

बीईएमएल मीडिया रिलीज़

तारीख : 05.02.2020

स्थान : लखनऊ